भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 300**
**21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए**

## 'सेल' के भिलाई इस्पात संयंत्र का विस्तार

300. **श्री गणेश सिंह :**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'सेल' के भिलाई इस्पात संयंत्र को 6.8 एमटीपीए से 10.2 एमटीपीए तक विस्तारित किए जाने का ब्यौरा क्या है और इसमें अनुमानित निवेश, कार्यान्वयन समय- सीमा और पूर्ण होने की अपेक्षित तिथि का ब्यौरा क्या है;

(ख) छत्तीसगढ़ में उक्त विस्तार परियोजना के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कितना रोजगार सृजित होने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार ने विस्तारित क्षमता के लिए कच्चे माल की उपलब्धता को सुदृढ़ करने हेतु कोई रणनीति तैयार की है और सतना-सिंगरौली कोयला क्षेत्र और अन्य घरेलू स्रोतों से आपूर्ति की योजना का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भिलाई इस्पात संयंत्र की क्षमता को 6.8 एमटीपीए से बढ़ाकर 10.2 एमटीपीए करने के लिए लगभग ₹31,000 करोड़ की अनुमानित लागत पर सैद्धांतिक अनुमोदन दिया है। इस परियोजना को पूरा करने की समयसीमा 42 महीने तय की गई है। इस परियोजना में निर्माण और प्रचालन चरणों के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन करने की क्षमता है। सभी आवश्यक कच्चे माल की आपूर्ति सेल की अपनी कैप्टिव खदानों और घरेलू तथा आयातित स्रोतों से की जाएगी।

*****